# नेपाली सुप्रीम कोर्ट ने दिया शेर बहादुर को पीएम बनाने का आदेश

## शेर बहादुर देउबा को दो दिन के अंदर प्रधानमंत्री बनाने का आदेश दिया

आदेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को बड़ा झटका दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने विपक्षी पार्टी नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा को दो दिन के अंदर प्रधानमंत्री बनाने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश चोलेंद्र शमशेर राणा की अगुवाई वाली पीठ ने पिछले सप्ताह मामले में सुनवाई पूरी की थी। पीठ में शीर्ष अदालत के चार अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश दीपक कुमार कार्की, मीरा खडका, ईश्वर प्रसाद खातीवाड़ा और डॉ आनंद मोहन भट्टराई शामिल थे। इससे पहले विपक्षी दलों के बहुमत नहीं जुटा पाने पर राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने दोबारा ओली को कार्यवाहक पीएम बना दिया था।

राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने प्रधानमंत्री ओली की सिफारिश पर 22 मई को पांच महीने में दूसरी बार 275 सदस्यीय निचले सदन को भंग कर दिया था और 12 नवंबर और



19 नवंबर को मध्यावधि चुनाव की घोषणा की थी। पिछले हफ्ते चुनाव आयोग ने चुनावों को लेकर अनिश्चितता के बावजूद मध्यावधि चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की थी। राष्ट्रपति द्वारा सदन को भंग करने के खिलाफ नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन द्वारा एक सहित 30 से अधिक याचिकाएं दायर की गई थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति के संसद को भंग करने के फैसले को पलट दिया है।

सुप्रीक कोर्ट ने संसद को भंग करने के लिए दायर की गई याचिकाओं पर दिए अपने अंतिम फैसले में कहा कि राष्ट्रपति दो दिन के अंदर शेर बहादुर देउबा को पीएम पद की शपथ दिलाएं। इससे पहले ओली के वकीलों ने दलील दी थी कि सुप्रीम कोर्ट शेर बहादुर देउबा को पीएम बनाने के लिए आदेश जारी नहीं कर सकता है। कोर्ट ने इस दलील को खारिज करते हुए नई सरकार का रास्ता साफ कर दिया।

**सरकार बनाने के लिए बहुमत जुटाने में असफल रहे विपक्षी दलः** सुप्रीम कोर्ट ने 18 जुलाई को संसद की बैठक बुलाने का भी आदेश दिया है। सदन में मतदान के दौरान पार्टी का व्हिप भी लागू नहीं होगा। इससे पहले संसद में हुए विश्वासमत प्रस्ताव पर वोटिंग के दौरान तमाम खींचतान के बाद भी विपक्षी दल नई सरकार बनाने के लिए सदन में बहुमत जुटाने में असफल रहे थे। ओली के विश्वास मत खोने के बाद राष्ट्रपति ने सरकार गठन की समयसीमा तय की थी, लेकिन नेपाल के राजनीतिक दल अपने धड़ों के बीच गुटबाजी के चलते अभी तक इस मामले पर कोई सहमति कायम नहीं कर पाए और ओली फिर से पीएम बनाए गए थे।

विश्वास प्रस्ताव के दौरान कुल 232 सदस्यों ने मतदान किया था जिनमें से 15 सदस्य तटस्थ रहे। ओली को 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में विश्वासमत जीतने के लिए 136 मतों की जरूरत थी क्योंकि चार सदस्य इस समय निलंबित हैं। हालांकि, उन्हें सिर्फ 93 वोट मिले थे और वह बहुमत साबित नहीं कर सके थे। इसके बाद संविधान के आधार पर उनका पीएम पद चला गया था।

## न्यूज डायरी



### अमेरिका के अफगानिस्तान से हटने पर भी भारत के लिए खुशखबरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के अफगानिस्तान से हटने पर भारत समेत दुनियाभर में तालिबान राज को लेकर चिंता जताई जा रही है। भारतीय सुरक्षा प्रतिष्ठानों में इस बात को लेकर चिंता गहराती जा रही है कि कहीं तालिबान–पाकिस्तान–चीन की तिकड़ी भारत के लिए जम्मू–कश्मीर में बड़ा संकट न बन जाए। अब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक ऐसा बयान दिया है जिससे भारत राहत महसूस कर सकता है। बाइडेन ने कहा कि अमेरिका अफगानिस्तान की बजाय चीन के आक्रामक व्यवहार पर नकेल कसेगा। बाइडेन ने कहा कि अगले महीने तक अफगानिस्तान से अपने सैनिकों को वापस बुला लेगा और चीन तथा रूस से उभरते हुए खतरों पर पूरा फोकस करेगा। बाइडेन ने कहा कि 31 अगस्त तक सभी अमेरिकी सैनिक वापस आ जाएंगे। उन्होंने कहा, हम अमेरिका के सबसे लंबे युद्ध का अंत कर रहे हैं। अमेरिका ने 9/11 आतंकी हमले के बाद अफगानिस्तान पर हमला किया था।

### कंधार से हटने पर पाकिस्तान के बड़बोले गृहमंत्री ने उगला जहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बड़बोले गृहमंत्री शेख रशीद ने भारत के अफगानिस्तान के कंधार से अपने कर्मचारियों को हटाने पर जहर उगला है। रशीद ने कहा कि भारत के पास अफगानिस्थान से भाग जाने के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचा है। उन्होंने दावा किया कि भारत अफगानिस्तान की जमीन से पाकिस्तान के खिलाफ आतंक फैला रहा है। भारत ने पाकिस्तानी नेताओं के इस दावे का पुरजोर खंडन किया है। रशीद ने कहा कि अफगानिस्तान में भारत की जग हंसाई हुई है। उन्होंने कहा, भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ अफगानिस्तान में रहकर पिछले 40 साल से आतंक को बढ़ावा दिया। अब भारत के पास अफगानिस्तान से निकलने या भागने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ऐसे जगह पर स्थित है जिसे चीन हो या अमेरिका कोई अनदेखा नहीं कर सकता है।

### तालिबान का दावा 85 फीसद अफगानिस्तान पर हुआ उनका कब्जा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। तालिबान ने दावा किया है कि उसने अफगानिस्तान के करीब 85 फीसद इलाकों पर अपना कब्जा कर लिया है। इस दावे के मुताबिक तालिबान ने हेरात के कुछ खास जिलों पर भी अपना कब्जा जमा लिया है। यहां पर हजारों की संख्या में अल्पसंख्यक शिया हजारा समुदाय के लोग रहते हैं। अफगान और तालिबान की तरफ से मिली जानकारी के मुताबिक तुर्कमेनिस्तान से लगते तोरघुंडी इलाके पर भी तालिबान ने कब्जा जमा लिया है। एजेंसी के मुताबिक तालिबान से बचने के लिए कई अफगान सैनिक ईरान और तजाखिस्तान की सीमा में प्रवेश कर गए हैं। मास्को की यात्रा पर गए तालिबान के अधिकारी शाहबुद्दीन दलावर ने एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया है कि तालिबान इस बात की पूरी कोशिश कर रहा है कि अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट ऑपरेट न कर सके।

### शुक्र और मंगल ग्रह आएंगे करीब, दिखेगा शानदार नजारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। दुनियाभर के अंतरिक्षप्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। पृथ्वी के दो पड़ोसी ग्रह मंगल और शुक्र ग्रह 12 और 13 जुलाई को बेहद करीब आने जा रहे हैं। ये दोनों ग्रह इतने नजदीक आएंगे कि इंसान अपनी आंखों से इस दुर्लभ नजारे का जीभर कर दीदार कर सकेगा। वैज्ञानिकों ने बताया कि मंगल और शुक्र ग्रह दोनों ही सूर्यास्त के बाद अंतरिक्ष में पश्चिमी हिस्से की ओर दिखाई देंगे। यही नहीं आज चंद्रमा भी इनके सबसे करीब से गुजरेगा। यह अद्भुत घटना ग्रहों का अद्भुत संगम है। यह संगम तब होता है जब दो ग्रह देखने में आपस में बेहद करीब आ जाते हैं। हालांकि वास्तविकता में ये दोनों ही ग्रह एक–दूसरे से काफी दूर होते हैं। मंगल और शुक्र ग्रह एक–दूसरे से 0.5 डिग्री दूर नजर आएंगे और उसे धरती से आसानी से देखा जा सकेगा।

## नया पाकिस्तान में 60 हिंदुओं को जबरन बनाया मुस्लिम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। नया पाकिस्तान बनाने का वादा करके सत्ता में आए प्रधानमंत्री इमरान खान के शासन में भी हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार और उन्हें जबरन मुस्लिम बनाने का सिलसिला रुकते नजर नहीं आ रहा है। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के माल्टी इलाके में कम से कम 60 हिंदुओं को इस्लाम धर्म स्वीकार करने के लिए बाध्य किया गया। यही नहीं नगर निगम के चेयरमैन के सामने इन हिंदुओं को कलमा पढ़वाया गया।

पाकिस्तान की कुल आबादी में हिंदुओं की संख्या करीब दो फीसदी या 45 लाख है। इनमें से ज्यादातर लोग सिंध प्रांत में रहते हैं।

इस शर्मनाक घटना के वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि नगर निगम के चेयरपर्सन अब्दुल रऊफ निजमानी कथित रूप से सामूहिक धर्म/परिवर्तन में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा, अलहमदुल्लिलाह आज मेरी निगरानी में 60 लोग मुसलमान हुए हैं। इनके लिए दुआ करें।

इस वायरल वीडियो को खुद निजामी ने शेयर किया है। इसमें नजर आ रहा है कि एक मौलवी हिंदुओं को कलमा पढ़वा रहा है और यह सुनिश्चित कर रहा है कि उनका धर्म परिवर्तन पूरी तरह से हो जाए।




नासा ने शेयर की भारतीय इंटर्न की हिंदू देवी–देवताओं के साथ वाली तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के भारतीय मूल की इंटर्न प्रतिमा राय की हिंदू–देवी देवताओं के साथ एक ताजा तस्वीर पोस्ट करने पर बवाल मच गया है। नासा ने दुनियाभर से लोगों से इंटर्नशिप के लिए आवेदन मंगाने के लिए यह तस्वीर ट्विटर पर पोस्ट की है। इस तस्वीर में कई और इंटर्न के फोटो भी हैं। इस तस्वीर पर जहां कई लोग नासा की वैज्ञानिक सोच पर सवाल उठा रहे हैं, वहीं बड़ी संख्या में ऐसे भी लोग हैं जो इसे अपने धर्म को मानने की आजादी करार दे रहे हैं। नासा ने जिस तस्वीर को पोस्ट किया है, उसमें प्रतिमा राय देवी सरस्वती, देवी दुर्गा, भगवान राम–सीता की मूर्तियों और तस्वीरों के साथ नजर आ रही हैं। वहीं पर एक शिव लिंग भी रखा हुआ है। प्रतिमा के पास लैपटॉप रखा है जिसमें नासा का लोगो दिख रहा है। प्रतिमा के कपड़े पर भी नासा का लोगो बना हुआ है।

## रिचर्ड ब्रैनसन ने तोड़ा दुनिया के सबसे रईस उद्योगपति का सपना, भड़के जेफ बेजोस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। दुनिया के दिग्गज अरबपति रिचर्ड ब्रैनसन ने 70 साल की उम्र में अंतरिक्ष की सैर करके इतिहास रच दिया है। वर्जिन गैलेक्टिक के मालिक ब्रैनसन दुनिया के पहले ऐसे अरबपति हैं जिसने अंतरिक्ष की यात्रा की है। यही नहीं इतनी उम्र में अंतरिक्ष का सफर करके रिचर्ड ने रेकॉर्ड कायम किया है। इसके साथ ही रिचर्ड ने दुनिया सबसे अमीर अरबपति जेफ बेजोस के सबसे पहले अंतरिक्ष में जाने के सपने को तोड़ दिया है जिससे उनकी कंपनी ब्लू ओरिजिन भड़क उठी है।

रिचर्ड ब्रैनसन के धरती पर लौटने पर उनकी पत्नी और बच्चों ने उनका दिल खोलकर स्वागत किया। रिचर्ड के मुताबिक अंतरिक्ष में जाना उनका बचपन का सपना था। ब्रैनसन और उनके साथी 5 अन्य वर्जिन गैलेक्टिक के कर्मचारियों ने वीएसएस यूनिटी यान से 2,80,000 फुट की ऊंचाई तय की। धरती पर लौटने के बाद रिचर्ड ने कहा, प्रत्येक बच्चे की तरह से मेरा भी अंतरिक्ष में सफर करने के मौके का सपना था। लेकिन अंतरिक्ष से से किस तरह धरती दिखती है, इसके लिए कोई भी चीज आपको तैयार नहीं कर सकती है। हर चीज पूरी तरह से जादुई थी।

**अंतरिक्ष में जाना उनका बचपन का सपना थाः रिचर्ड**

रिचर्ड ने इस सफर के दौरान प्लेन से ली गई तस्वीर ट्वीट की। उन्होंने लिखा–स्पेस युग की नई सुबह में आपका स्वागत है। दुनिया के सबसे रईस अरबपति जेफ बेजोस सबसे पहले स्पेस का सफर करना चाहते थे लेकिन रिचर्ड ब्रैनसन ने यह बाजी मार ली। जेफ बेजोस भी 20 जुलाई को अंतरिक्ष का सफर करने वाले हैं। इस बीच जेफ बेजोस का सपना चूर–चूर होने के बाद उनकी कंपनी ब्लू ओरिजिन रिचर्ड ब्रैनसन पर भड़क उठी है। जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ओरिजिन ने कहा कि रिचर्ड ब्रैनसन तकनीकी रूप से पहले ऐसे अरबपति नहीं है जिन्होंने अंतरिक्ष की यात्रा की है।

## पाक ने निभाई दोस्ती, अफगानिस्तान में चीन का टेंशन खत्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तालिबान ने कहा है कि वह चीन को अफगानिस्तान का दोस्त मानता है। तालिबान ने कहा है कि वह शिनजियांग प्रांत में उइगर इस्लामिक आतंकवाद को बढ़ावा नहीं देगा। इसके अलावा चीन के निवेश की सुरक्षा का भी वादा किया है। तालिबान के इस बयान के पीछे पाकिस्तान का हाथ माना जा रहा है। खास बात यह है कि तालिबान का यह बयान ऐसे समय आया है जब अफगानिस्तान में तालिबान के बढ़ते प्रभाव से चीन चिंतित है। तालिबान के इस बयान से चीन ने जरूर राहत की सांस ली होगी। अमेरिकी सेना के हटने के बाद से तालिबान ने अफगानिस्तान के आधे से अधिक हिस्से पर कब्जा कर चुका है। अफगानिस्तान में तालिबान और अफगान सैनिकों के बीच अभी भी सत्ता संघर्ष की जंग जारी है। अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बीच तालिबान लगातार अफगानिस्तान पर कब्जा करने में जुटा है। अफगानिस्तान में हालात गृहयुद्ध जैसे बने हुए हैं।